राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने संविधान उद्यान का भ्रमण किया

संविधान निर्माण की ऐतिहासिक यात्रा को कला रूपों में जीवंत देखना अद्भुत – श्री कोविंद

जयपुर,18 अप्रैल। पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को राजभवन में संविधान उद्यान का भ्रमण किया। उन्होंने संविधान निर्माण से इसके लागू होने तक की ऐतिहासिक यात्रा को विभिन्न कला रूपों में जीवंत देखने के अनुभव को अद्भुत बताते हुए इसकी सराहना की। उन्होंने संविधान उद्यान में संविधान लागू होने के विभिन्न चरणो के कला–रूपों को एक–एक कर देखा और उन्हें अनुकरणीय बताया।

श्री कोविंद ने संविधान ग्रंथ के आवरण एवं उद्देशिका की निर्मित कलाकृति, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में संविधान सभा की बैठक के मूर्ति शिल्प, संविधान निर्माण और उससे जुड़ी संविधान समितियों की कार्यवाही, मूल संविधान की प्रति पर निर्मित भारतीय संस्कृति से संबद्ध कलाकृतियों से जुड़े मूर्तिशिल्प, छायाचित्रों आदि का बारीकी से अवलोकन किया। संविधान उद्यान भ्रमण के बाद उन्होंने राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की संविधान के मूर्तरूप की इस पहल को महत्वपूर्ण बताते हुए इसकी प्रशंसा की।

पूर्व राष्ट्रपति को राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्दराम जायसवाल ने संविधान उद्यान के निर्माण और इसके विभिन्न पक्षों के बारे में जानकारी दी।

———